प्रेस विज्ञप्ति

09/01/2022

गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष में श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर आज 'वृहद रक्तदान शिविर' का आयोजन

आज गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष में श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज की जयंती के अवसर पर 'वृहद रक्तदान शिविर' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल जी ने श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के शौर्यपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला और उनके दिखाए मार्ग पर सतत अग्रसर रहने हेतु आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी एक महान योद्धा, कवि, भक्त एवं आध्यात्मिक महापुरुष के साथ ही कई भाषाओं के ज्ञाता भी थे। उन्होंने ही खालसा पंथ की स्थापना की।

गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक मेजर जनरल अतुल बाजपेई जी ने बताया कि गुरु गोबिन्द सिंह जी सिखों के दसवें गुरु थे। वे प्रथम गुरु, गुरु नानक द्वारा बताए मार्ग का अनुसरण करते रहे।

उन्होंने कहा कि विश्व के इतिहास में धर्म व मानवीय मूल्यों तथा आदर्शों व सिद्धांतों की रक्षा के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का स्थान अद्वितीय है। उन्होंने अत्याचारी मुगलों के विरुद्ध कई युद्ध लड़ा।

चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सी. एम. सिन्हा जी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने सदा प्रेम, एकता व भाईचारे

का सन्देश दिया। किसी ने उनका अहित करने की कोशिश भी की तो उन्होंने अपनी सहनशीलता, मधुरता व सौम्यता से उसे परास्त किया।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. ममता जायसवाल जी ने रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करना मानवीय संवेदना का सर्वोच्च प्रतिमान है। उन्होंने भ्रांतियों पर बोलते हुए कहा कि चिकित्सक से सलाह लेने के उपरांत रक्तदान करना चाहिए, इससे कोई हानि नहीं होती है।

कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों व रक्तदाताओं को श्री कामेश्वर सिंह जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में राहुल, अभय प्रताप, पंकज, फिरोज, जितेंद्र, हिमांशु, मो. वारिस, गीता जायसवाल, आफताब आलम सहित 25 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं इस अवसर पर स्थानीय नगरवासियों ने प्रतिभाग किया। शिविर के पूर्व सभी ने श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।